पावर हाउस मार्केट में दुकान खुलने की शिकायत, जोन आयुक्त के साथ टीम ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर / कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए लाॅकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर निगम की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। जोन 03 अंतर्गत पाॅवर मार्केट में बड़ी संख्या में दुकान खुलने की शिकायत और बाजार क्षेत्र में लोगों की अधिक आवाजाही की सूचना पर निगम की टीम पहुंची और अनावश्यक रूप से खुले पाए गए दुकानों को बंद कराया गया। जोन आयुक्त के साथ पहुंचे राजस्व विभाग की टीम फल एवं सब्जी मंडी में स्थाई रूप से पसरा लगाकर व ठेले में सामान बेचने वालों को वहां से बेदखल करते हुए दोबारा ऐसा न करने की समझाईश दी गई। मार्केट में अनावश्यक घूम रहे लोगों को पुलिस बल के सहयोग से हटाते हुए भीड़ खाली कराई गई।

पाॅवर हाउस के मुख्य मार्केट में दुकानें खुलने की शिकायत पर आज जोन 03 आयुक्त प्रीति सिंह राजस्व विभाग की टीम, छावनी थाना का बल और बटालियन के जवान के साथ मार्केट पहुंचे और पैदल सभी तरफ घूम-घूम कर निरीक्षण किए जिसमें कुछ दुकानें अनावश्यक रूप से खुली पाई गई , बहुत से दुकानों के बाहर सामान खरीदने वाले ग्राहक भीड़ के साथ पाए गए। सभी दुकानदारों को अंतिम चेतावनी के साथ दुकानों को बंद कराया गया दोबारा ऐसी शिकायत प्राप्त होने पर सीधे सीलबंदी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। एक दिन पूर्व ही जोन 03 की टीम ने मार्केट के प्रभुदयाल कलेक्शन कपड़ा दुकान खुला होने और दुकान में 7 से 10 ग्राहक खरीददारी करते हुए पाए जाने पर 10 हजार रूपए अर्थदण्ड की वसूली की थी। इसके बाद टीम पुलिस बल के साथ निरीक्षण करते हुए फल और सब्जी मंडी पहुंचे जहां बड़ी संख्या में सब्जी वाले पसरा लगाकर तथा फल वाले एक स्थान पर ठेला लगाकर स्थाई रूप से काफी समय से विक्रय कर रहे थे। सभी को सख्त लहजे में अंतिम समझाइश के साथ छोड़ा गया तथा हिदायत दी गई कि दोबारा ऐसा करते हुए पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसके जिम्मेदार वे स्वंय रहेंगे। पाॅवर हाउस मार्केट में दुकानों के सामने बहुत से लोग बैठे पाए गए पूछताछ में ज्यादतर लोग सामान लेने आए है बताने पर सभी को पुलिस बल के सहयोग से वहां से घर की ओर लौटाया गया और मार्केट को खाली कराया गया। उल्लेखनीय है कि भिलाई निगम क्षेत्र में लाॅकडाउन का सख्ती से पालन करने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। लाॅकडाउन का सख्ती से पालन करने से ही कोरोना की रोकथाम किया जाना संभव है। निगम की मोबाइल टीम की प्रतिदिन निगम क्षेत्र का सघन निरीक्षण करते हुए चोरी, चुपके सामान, बेचने, आधा शटर खोलकर सामान देने, निर्धारित समय के बाद भी व्यवसाय करने वालों पर बेदखली और जुर्माना वसूलने की कार्यवाही कर रहे है। लॉकडाउन के उल्लंघन में कई दुकानों को सीलबंद भी किया जा चुका है।